पूर्वांचल 24

बलिया में असली का लेबल लगाकर बेची जा रही नकली सुप्रीम पानी की टंकी, ऐसे खुला राज ; दुकानदार पर मुकदमा

हल्दी, बलिया : बलिया-बैरिया मुख्य मार्ग पर स्थित हल्दी बाजार के साई बाबा हार्डवेयर की दुकान पर रविवार की शाम छापेमारी के दौरान 500 लीटर की 19 संदिग्ध पानी की टंकी पकड़ी गई है, जिसे पुलिस ने जप्त करते हुए धारा 63 व 65 का मुकदमा दर्ज किया है।

बताया जा रहा है कि साई बाबा हार्डवेयर की दुकान नन्द्पुर निवासी सन्तोष कुमार गुप्ता पुत्र दया शंकर गुप्ता की है, जहां दिल्ली से सुप्रीम कम्पनी का एक कर्मचारी रिषू मिश्रा हल्दी दुकान पर पहुंचा और 20 सुप्रीम कम्पनी का पानी टंकी मांगा। दुकानदार ने कहा कि मिल जायेगी। थोड़ा समय लगेगा, क्योंकि गोदाम से निकालना है। रिषू मिश्रा ने 10 हजार जमा करते हुए एक घण्टे में आने के लिए कहकर चला गया।

एक घण्टे बाद रिषू वापस आया तो उसके साथ हल्दी पुलिस भी थी। जब तक दुकानदार कुछ समझ पाता, उसने कहा मैं सुप्रीम इन्डस्ट्रीज लिमिटेड कम्पनी दिल्ली में जांच कर्ता के पद पर कार्यरत हूँ। कम्पनी को पता चला था कि जनपद बलिया के हल्दी बाजार में नकली सुप्रीम कम्पनी का लेबल लगा कर टंकी बेचा जा रहा है।

हल्दी पुलिस ने रिषू की तहरीर पर 19 टंकियों को बरामद करते हुए धारा 63, 65 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बन्ध में विवेचक एसआई सुनील कुमार ने बताया कि कम्पनी से आये कर्मचारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें गिरफ्तारी का प्रावधान नहीं है। जांच चल रही है।

Source: https://www.purvanchal24.com/uttar-pradesh/ballia/in-ballia-fake-supreme-water-tank-is-being-sold-with/article-20735